# कोरी समाज में उबाल, प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वीरांगना झलकारी बाई कोरी एकता मंच के प्रतिनिधिमंडल ने जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम से मिलकर बुढ़ाना तहसीलदार व जौला लेखपाल पर कोरी समाज के जाति प्रमाण पत्र के आवेदन पर गलत रिपोर्ट लगाकर निरस्त करने का आरोप लगाया। गुरुवार को समाज के बैनर पर प्रदर्शनकारियो ने सौंपे ज्ञापन में बुढाना तहसीलदार व ग्राम जौला लेखपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि जनपद में कोरी जाति के लोग जब भी जाति प्रमाण पत्रो के लिये आवेदन करते है तो तहसील कर्मचारियों द्वारा हिन्दु जुलाहा की रिपोर्ट लगाकर आवेदन निरस्त कर दिए जा रहे हे जबकि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कई बार शासनादेश द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि हिन्दू जुलाहा कोई जाति नही है। जो हिन्दू जुलाहा है वे ही कोरी हैं इस सम्बन्ध में ग्राम गढी सखावत तहसील बुढाना के पंकज ने अपनी पुत्री के जाति प्रमाण पत्र का आवेदन किया तो लेखपाल ने बताया कि तुम जुलाहा जाति से हो कोरी नही हो। जब लेखपाल अनुसूचित जाति कोरी का प्रमाण पत्र बनाकर जान बुझकर जुलाहा मोमीन अन्सारी का प्रमाण पत्र बनाकर जारी कर दिया जो कि गलत तथ्यहीन व शासनादेश के खिलाफ है। तहसील के कर्मचारी जबरदस्ती कोरी जाति के लोगो को जुलाहा घोषित करने पर लगे हुए हुए है इस प्रकार जनपद में निवास कर रहे लगभग 60 हजार कोरी जाति के लोगो को ये लोग जबरदस्ती मोमीन अन्सार (मुसलमान) साबित करना चाहते हैं इससे कोरी जाति के लोगो को मानसिक व आर्थिक उत्पीडन हो रहा है। इस प्रकार सरकारी कर्मचारी ही कोरी जाति के लोगो को ध र्म परिवर्तन करने में लगे हुए है। उपरोक्त तहसील कर्मचारियो का कृत्य खिलाफ कानून व विपरीत शासनादेश है। इस दौरान मोहित कुमार कोरी एडवोकेट, मोहनलाल कोरी, सदन कोरी, धर्मेन्द्र कोरी, अमित कोरी, सन्दीप कोरी, सुनील कोरी, श्यामवीर कोरी, लक्ष्मण कोरी, कुलदीप कोरी, पप्पन कोरी, व अमित कोरी, रोहित कोरी मौजूद रहे।

## तंबाकू को लेकर हुई थी राजवीर की हत्या

**बुढ़ाना।** तुम्हें ये पता है कि क्या समय हो रहा है। अब रात के 11 बजे हैं तुम मेरी दुकान का दरवाजा पीट रहे हो बस इस बात पर दुकानदार राजबीर की हत्या की गयी थी। बुढाना पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। बीते 22 सितम्बर को संजीव पुत्र चतरा निवासी ग्राम कुरथल बुढाना द्वारा कोतवाली मे तहरीर दी गयी थी कि पडोसी पीलू, दीपक व मंगु पुत्रगण कृष्णपाल द्वारा उसके भाई राजबीर की दुकान पर आकर उसके भाई भाभी के साथ गाली गलौच कर भाई की भाला मारकर हत्या कर दी। तब कोतवाल आनंद देव मिश्र ने सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर आज बडकता पुलिया बडौत रोड से टिल्लू उर्फ धीरज वध मंगु उर्फ संजीव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल भी बरामद किया है। पूछताछ में टिल्लू ने बताया कि हम दोनो कभी कभार शराब पी लेते हैं उस दिन भी हमने शराब पी ली थी। शराब पीकर हम गांव आ रहे थे तो गांव के राजवीर के घर के पास आये तो टिल्लू कहने लगा कि राजवीर की दुकान खुलवाकर तम्बाकू ले ले। हम दोनो ने राजवीर को आवाज लगाई और कहा कि हमें तम्बाकू दे दे। कई आवाज के बाद राजवीर ने दुकान खोल दी तथा कहने लगा कि तुम्हे ये पता है कि क्या समय हो रहा है रात के 11 बज रहे है और तुम मेरी दुकान का दरवाजा पीट रहे हो तो हमने कहा जब आपने दरवाजा खोल ही दिया है तो हमे तम्बाकू दे दो। इसी बात पर हमारी कहासुनी होने लगी। हमने राजवीर के छाती में भाला मारा तो उसकी मृत्यु हो गयी।

## विकलांगों के मददगार राजवीर प्रजापति को यश भारती से सम्मानित करे सरकार: मोहन प्रजापति

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी में अमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट की ओर से ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में दिव्यांग उपकरण रजिस्ट्रेशन विशाल शिविर का शुभारंभ अति पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्य अतिथि मोहन प्रजापति व राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता कमल गौतम व चेयरमैन जहीर फारूकी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति व राष्ट्रीय लोकदल नेता कमल गौतम चेयरमैन जहीर फारूकी ने कहा है कि अमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट व जगत बन्धु सेवा ट्रस्ट के माध्यम वर्षो से गरीब असहाय लोगो की मदद की जा रही जैसे विकलांग लोगो को ट्राई साईकल व मोतियाबिंद के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन गरीब असहाय लोगो को गर्म कपड़े व निशुल्क शारीरिक जाँच व दवाइया आदि जैसे परोपकारी कार्य किये जाते है जिनकी वजह से डॉक्टर राजवीर सिंह प्रजापति द्वारा किये गए कार्य की वजह से राजवीर सिंह का नाम लिम्बाका वर्ल्ड रिकॉर्ड लंदन में दर्ज हो चुका है जिससे जनपद का नाम रोशन हुआ है वही राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने कहा है कि विकलांगों के मददगार राजवीर प्रजापति को यश भारती पुरस्कार से सम्मानित करे भाजपा सरकार वही ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉव राजवीर सिंह प्रजापति ने बताया है कि आज जो दिव्यांग उपकरण रजिस्ट्रेशन शिविर लगाया गया है उसमें 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग लोगो को 15 हजार तक के उपकरण जल्द ही वितरित किये जायेंगे जिसमे जल्द ही बड़ा शि. विर लगाकर विकलांग लोगो को दिव्यांग उपकरण जैसे ट्राई साइकिल खुली कानो की मशीन आदि दी जाएगी जिसके लिये आज करीब 350 लोगो ने रजिस्ट्रेशन किया गया है इस दौरान भारतीय अति पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र पाल एडवोकेट, अध्यक्ष सुमित प्रजापति,डॉ अमित त्यागी ,ब्रजभूषण त्यागी,सुंदर लाल,प्रदीप पंडित, सोनू गौतम,डॉव सोमत दास, कुलदीप, रितिक चौधरी, सलमान, नूरहसन, विशाल,आदि।

## संक्षिप्त समाचार

### घर से खींच दंपति ने महिला को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** छतारी क्षेत्र के गांव बिकूपुर रामनगर में पति पत्नी ने मिलकर एक महिला की पिटाई कर दी। मारपीट से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने महिला को उपचार के लिए भेजा है। रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बिकूपुर रामनगर निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी सपनेश रविवार की दोपहर अकेली घर के अंदर काम कर रही थी। तभी गांव के ही राजकुमार और उसकी पत्नी पूजा गाली गलौच करके घर के अंदर घुस आये और सपनेश को खींचकर अपने चाचा छत्रपाल के घर ले गए जहां दोनों ने मिलकर सपनेश की लाठी डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट से सपनेश को ऑप्रेशन के समय लगे टांके खुल गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सपनेश को मृत समझकर दोनों फरार हो गए। थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि राजकुमार और उसकी पत्नी पूजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घायल को उपचार के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है।

### नाबालिग से शादी के विरोध पर मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिकंद्राबाद।** ककोड़ कोतवाली के गांव निवासी व्यक्ति ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाली किशोरी उसके भाई से बातचीत किया करती थी। बातचीत के दौरान उसने शादी का दबाव बनाया। जिसकी शिकायत उसके पिता से करने पर मामला शांत हो गया। लेकिन किशोरी के पिता ने किसी के बहकावे में आकर उसके भाई के खिलाफ न्यायालय से पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया। मंगलवार को आरोपियों ने किशोरी को उनके घर जबरदस्ती भेजकर वापस भेजने या विरोध करने पर झूठे दुष्कर्म मामले में फंसाने की धमकी दी। मामले को लेकर बुधवार की शाम जब बातचीत शुरू की तो आरोपी पक्ष के लोगों ने बातचीत करने वाले लोगों पर हमला बोल दिया। जिसमें अजूबर उर्फ वाजिद के सिर में गंभीर चोटें आई। जबकि उस्मान, उमर मौहम्मद, अकरम भी घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अलाउद्दीन, फखरूद्दीन, सलाउद्दीन, फिरोज, सोएव, राहुल पुत्र जलाल, मेहरबान समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध पटाखा फैक्ट्री चलाते 14 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिकंद्राबाद।** कोतवाली पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र में संचालित अवैध पटाखा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। फैक्ट्री से पुलिस ने करीब 20 लाख की कीमत के अवैध पटाखे और पटाखे बनाने का सामान समेत 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। सीओ पूर्णिमा सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि औद्योगिक क्षेत्र में बंद पड़ी जूस बनाने की फैक्ट्री में अवैध रूप से पटाखे बनाने का कार्य चल रहा है। जिसके चलते बुधवार की रात फैक्ट्री पर छापा मार कार्रवाई की गई। जहां से अवैध पटाखे, केमिकल और पटाखे बनाने के उपकरण बरामद किए गए। वहीं चार महिला समेत 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सीओ ने आरोपियों के नाम अनिल, देवेन्द्र, पवन, विवेक, मुकेश निवासी ओम नगर जनपद फिरोजाबाद, शीलू निवासी सोफीपुर जनपद फिरोजाबाद, योगेश निवासी नरसेना जनपद बुलंदशहर, सूरज निवासी आजाद नगर जनपद फिरोजाबाद, विकास निवासी करबला जनपद फिरोजाबाद, शैलेन्द्र निवासी गांव देवरा जनपद शाहजहांपुर, उषा, पुष्पा, मिताली, मोहिनी पुत्री अंकित निवासी सिनेमा चौक, लखनऊ चुंगी, हाडीपुरवा जनपद हरदोई बताया। पुलिस ने मौके से 70 पेटी पोप पटाखे,148 करेट पटाखे,1000 कटटे बजरी,25 सफेद कट्टे छोटे गत्ते, 57 प्लास्टिक के कट्टे रंग बिरंगा कागज, 500 बड़े गत्ते के कार्टन, तीन रोल पैकिंग पालीथिन और छह कैन द्रव्य (केमिकल) बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दीपावली पर पटाखे बेचकर आर्थिक लाभ कमाने के लिए पटाखों का निर्माण और भंडारण किया जा रहा था।

### व्यापारियों का पालिका में धरना-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शहर के दोनों ओर बैरियर लगाकर शहर की आपूर्ति करने वाले माल वाहक वाहनों को रोकने के विरोध में गुरुवार को व्यापारियों ने नगर पालिका में धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि बैरियर नहीं हटाए गए तो मंडी बंद कर नगर पालिका के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। गुरुवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसके सक्सेना के नेतृत्व में मंडी फतेहगंज से जुलूस की शक्ल में बड़ी संख्या में व्यापारी नगर पालिका पहुंचे और धरने पर बैठ गए। व्यापारियों ने बताया कि पुलिस लाइन में 23 सितंबर को हुई बैठक में तय हुआ था की स्याना रोड पर बैरियर दोनों तरफ नहीं लगाया जाएगा। इसके विपरीत नगर पालिका द्वारा स्याना रोड पर बैरियर लगा दिए गए। जिलाध्यक्ष नरेश गोयल ने कहा कि अगर यह बैरियर नहीं हटाया गया तो तो मंडी बंद कर नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन और भूख हड़ताल की जाएगी।

### कहीं पर धूप तो कंही पर बारिश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** मौसम में रोजाना बदलाव देखने को मिल रहा है। गुरुवार को दिन भर बादलों की आवाजाही रही। कुछ जगहों पर बारिश भी हुई। इसके बाद उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। दिनभर धूप-छांव का मौसम बना रहा। अब मौसम विभाग के मुताबिक 27 और 28 को बारिश होने की संभावना बन रही है। अधिकतम तापमान भी गिरावट के बाद 29 डिग्री तक पहुंचेगा। जिससे गर्मी में राहत मिलने की उम्मीद है। गुरुवार को सुबह से मौसम का मिजाज बदला रहा। कभी तेज धूप तो कभी बादल छाए रहे। इस दौरान 10 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। जिससे लोगों को गर्मी से राहत रही, लेकिन दिन बढ़ने के साथ ही गर्मी का असर भी बढ़ता गया। तेज धूप निकलने से लोगों को तेज गर्मी का अहसास हुआ। दोपहर के समय मौसम बदल गया। आसमान में काले बादल छा गए। कुछ देर बाद ही बूंदाबांदी शुरु हो गई, मगर बारिश नहीं हुई। इस दौरान बारिश के बादल मंडराते रहे। इसके बाद फिर धूप-छांव का मौसम हो गया।

# जमीयत उलेमा ए हिंद के कानूनी अधिवक्ता हाजी मुनव्वर का वकीलों ने किया स्वागत



**मुज़फ्फरनगर।** हाल ही में हुए जमीयत उलेमा ए हिंद के समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता हाजी मुनव्वर को जमीयत की लीगल एडवाइज़री टीम का सदर बनाया था। इसके बाद हाजी मुनव्वर का जनपद भर में जगह जगह पर भव्य स्वागत हो रहा है। हाजी मुनव्वर हुसैन एडवोकेट को जमीयत उलेमा ए हिंद ने लीगल से जुड़े समस्त वाद विवाद के निस्तारण हेतु अधिवक्ता नियुक्त किया था।

हाजी मुनव्वर एडवोकेट ने पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने का वादा किया था। बृहस्पतिवार को कचहरी के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने हाजी मुनव्वर एडवोकेट का फूल मालाओं से स्वागत कर उनको बधाइयां दी और एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशियां मनाई। जिला बार संघ के वरिष्ठतम उपाध्यक्ष अशोक चौहान और उपाध्यक्ष खुर्रम उस्मानी एडवोकेट ने सैंकड़ों अधिवक्ताओं संग हाजी मुनव्वर को फूल मालाएं पहनाकर खूब बधाइयां देते हुए कहा कि हाजी मुनव्वर सदैव समाज हित में विशेष योगदान देते आये हैं। जमीयत उलेमा ए हिंद ने लंबे सोच विचार के बाद सही अधिवक्ता को ज़िम्मेदारी सौंपी है। इतनी बड़ी उपलब्धि के लिए हाजी मुनव्वर को बधाई एवं शुभकामनाएं। वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक त्यागी व शिवम् त्यागी द्वारा भी पूरी टीम के साथ हाजी मुनव्वर हुसैन का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अली मेहदी एडवोकेट, शाहवेज कुरैशी, ज़ाहिद एडवोकेट, आशु त्यागी एड. , इरशाद, शाकिर राणा, ताहिर राव, शाहज़ेब खान, दिलनवाज खान, आबिद तेवड़ा, औसाफ़ कुरैशी, वरिष्ठ अधिवक्ता ठाकुर दिनेश, आदित्य शर्मा, विनय कुमार, आरिफ जौला, ज़हीर एडवोकेट, नवाज़, शाहरुख, अरमान त्यागी आदि अधिवक्तागण अपनी टीम के साथ सैंकड़ों की संख्या में मौजूद रहे। अंत में हाजी मुनव्वर एडवोकेट ने समस्त अधिवक्ताओं का आभार प्रकट किया।

# राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत लगाए पौधे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। एक पेड मां के नाम अभियान के अंतर्गत एसडीएम राजकुमार भारती व तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव द्वारा आम व आँवला के पौधे रोपित किये गए। 7वें राष्ट्रीय पोषण माह एनीमिया विकास निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी व एक पेड़ माँ के नाम थीम के साथ मनाया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में सफाई की गयी और राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एसडीएम द्वारा किशोरियों को पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर जागरूक किया गया व पौष्टिक आहार का महत्त्व रक्ताल्पता से बचाव हेतु बताया गया। तहसीलदार द्वारा वृक्षों का हमारे जीवन मे महत्व विषय पर छात्राओं को जानकारी दी गयी। एसडीएम व तहसीलदार को विद्यालय स्टाफ द्वारा लाइव प्लांट भेंट किया गया। वन क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार व उनकी टीम द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान में प्रतिभाग किया गया। बाल विकास पुष्टाहार विभाग बुढाना की टीम द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह अभियान में प्रतिभाग किया गया। बुढ़ाना नगर पंचायत के ईओ आलोक रंजन के निर्देशन में नगर पंचायत की टीम द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान में प्रतिभाग किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा 2018 में राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत की गई थी। कार्यक्रम सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ की भूमिका रही।

# व्यापार मंडल से एक दर्जन व्यापारियों ने दिया इस्तीफा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रूड़की रोड इकाई के अध्यक्ष लवी गोयल ने जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता एड. पर गम्भीर आरोप लगाते हुए आज अखिल भारतीय उधोग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय मित्तल मे अपनी आस्था व्यक्त करते हुए युवा जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल उर्फ बंटी किनौनी के समक्ष अपने दो दर्जन साथियों सहित अखिल भारतीय उधोग व्यापार मंडल मे शामिल हुए , युवा जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल उर्फ बंटी किनौनी ने शामिल होने वाले सभी व्यापारियों को माल्यार्पण करके सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं भैट की, इस अवसर पर लवी गोयल ने व्यापारियों की आवाज व्यापार जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता एड. पर आरोप लगाते हुए कहा कि शलभ गुप्ता एड. व्यापारियों के साथी गाली गलोच अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं व्यापारी की समस्या में उसके साथ खड़े नही होते हैं , हम लोगों ने उनके हाथो को मजबूत करने के लिए दिन रात मेहनत की लेकिन वे व्यापारी बंधुओ को सम्मान नहीं देते हैं , उनकी नजरो मे छोटा व्यापारी उनके कार्यक्रम मे भीड़ बढ़ाने का जरिया मात्र है , काफी समय से इन सब बातों से बहुत व्यापरी बंधु आहत थे , इस लिए आज हम सब व्यापारियो ने व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल से इस्तीफा देकर वरिष्ट व्यापारी नेता संजय मित्तल मे अपनी आस्था व्यक्त करते हुए युवा जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल उर्फ बंटी किनौनी के समक्ष उनके व्यापार मंडल मे शामिल हुए हैं ,हम सभी व्यापारी पूरी निष्ठा के साथ संजय मित्तल के हाथों को मजबूत करेंगे , कार्यक्रम मे सुमित पंवार बारी,पवन त्यागी, रोहित धीमान, प्रणपाल चौधरी, अविनाश सैनी, कृष्ण कुमार, अजय वर्मा, राहुल शर्मा, सुनील कुमार, मनीष नामदेव, भारतसिंह, कुलदीप कुमार, सत्येंद्र कुमार गर्ग, रोबिनशर्मा, मनोज सैनी, अनुभव कुमार, संजय गुप्ता, अश्वनी वर्मा, सतवीर, सुरेश कुमार बारी, गौरव माहेश्वरी, अरविंद कुमार, राहुल शर्मा, रोहित कुमार, परविंदर सिंह, नरेश नंदन वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि , सन्नी बिड़ला , सैकडो व्यापारी उपस्थित रहे।

तत्काल प्रभाव से व्यापार मंडल विरोधी गतिविधिया चलने पर निवर्तमान रुड़की रोड इकाई अध्यक्ष लवी गोयल को व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल से निष्कासित किया जाता है।

**शलभ गुप्ता जिलाध्यक्ष**
**जनार्दन विश्वकर्मा जिला महामंत्री**

## बंदरों के आतंक से खाकी परेशान

**खतौली।** अपराध और अपराधियों को लेकर पुलिस रात दिन टेंशन में रहती है और जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस योजना बनाती रहती है। वही बदमाशों के साथ साथ खाकी की बंदरो ने रातों की नींद उड़ा कर रख दी है। दिन ने तो पूछा नही की खाकी को बंदरो के आतंक से रूबरू होना पड़ता है बता दे कि जब कोई भी दरोगा या सिपाही अपनी बाइक को लेकर कोतवाली में प्रवेश करता है और बाइक को खड़ा कर अपने सरकारी कार्य ने व्यस्त हो जाता है तो उसी समय बंदरो का एक झुंड आता है जो बाइकों की लाइटों को तोड़ कर बाइक के बैंग में रखी फाइल या अन्य समान को निकालकर पेड़ पर जाकर बैठ जाता है। बंदरो से सामान को वापिस लाने के लिए पुलिस टीम को बड़ी मेहनत करनी पड़ती है बंदरो के लिए खाने का समान लाना या ओर कोई जतन लेकिन तब तक बहुत देर हो जाती है क्योंकि जिस समान को बंदरो ने निकाला है बंदर उसे पूरी तरह से नष्ट कर देते है। वही पुलिस के साथ साथ कोतवाली में आने वाले अन्य लोग भी बंदरो के आतंक से परेशान है।वही दो मीडिया कर्मियों को भी बंदरो ने अपना शिकार बनाया और उनकी बाइकों से जरूरी कागज निकाल कर फाड़ दिए।

# दुबई में चमका मुजफ्फरनगर का सितारा अजीम राणा



**मुजफ्फरनगर।** दुबई के होटल में आयोजित ग्लोबल लीडर कॉन्फ्रेंस में मुजफ्फरनगर जिले के सूजडू निवासी अजीम राणा को ग्लोबल लीडर फॉर सब्सटेंस प्रोग्राम की बिजनेस कैटिगरी में ऑनलाइन वोटिंग के जरिए चयनित होकर ग्लोबल लीडर अवार्ड से नवाजा गया अजीम राणा को यह अवार्ड अपनी प्रोफेशनल लाइफ में लोगों को सपोर्ट करने उन्हें आगे बढ़ाने अपने उनके कार्य क्षेत्र में सही निर्देश देने आर्थिक रूप से मदद करने पुन स्थापित करने के सफल प्रयासों के कारण मिला। ऑनलाइन वोटिंग से चयनित होने के लिए इस आयोजन में देश-विदेश के प्रोफेशनल कलाकार अर्चिटेक्ट इंटीरियर डेकोरेटर आर्टिस्ट प्रोफेसर डीन रिटायर कर्नल और व्यापारी वर्ग ने शिरकत की अलग अलग श्रेणी में ऑनलाइन वोटिंग के चयन होने पर अन्य लोगों को भी अवार्ड से नवाजा गया। दुबई में कई साल से रहने वाले मुजफ्फरनगर जिले के अजीम राणा ने कोरोना काल में भी अपनी कमाई से निकलने वाली मदद रूपी जकात से निर्धन लोगों की मदद की थी।ग्राम सुजडु और खालापार क्षेत्र के प्राइमरी स्कूल में भी सर्दियों में बच्चों को गर्म वस्त्र चौरिटी में उपलब्ध में कराए थे। जनपद मुजफ्फरनगर से बेहद लगाव रखने वाले अज़ीम राणा ने वर्ष 2021 में तत्कालीन एसएसपी द्वारा फिटनेस चैलेंज मैं दुबई से ऑनलाइन भागीदारी की थी जिसे एसएसपी मुजफ्फरनगर ने ट्विटर पर सराहा भी था. अजीम राणा ने यह अवार्ड अपने पिताजी हाजी शरीफ अहमद को समर्पित किया उनसे ही सामाजिक कार्यों में आगे बढ़ाने की सीख ली है अजीम राणा आने वाले समय में प्रोडयूसर/एक्टर एकता कपूर के साथ दुबई में एक बड़ा आयोजन कर रहे हैं जिसमें अलग अलग क्षेत्र के सफल आर्टिस्टो को दुबई में सम्मानित किया जाएगा।

# खतौली मेला छड़ियांन की अवधि खत्म



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कस्बे में लगने वाले मेला छड़ियांन की अवधि पूरी हो चुकी है। शुक्रवार से मेले में झूले बन्द कर दिए जाएंगे। खतौली कस्बे में लगने वाले मेला छड़ियांन की सीमा अवधि 27 तारीख आज शुक्रवार को खत्म हो गई।

कल से मेले में सभी झूलो के चक्के घूमना बन्द कर दिए जाएंगे। बता दे कि 26 अगस्त जन्माष्टमी पर मेला छड़ियांन का शुभारंभ किया गया था। तभी से लगातार एक माह से छड़ियांन मेला चल रहा है। मेले में अप्पू घर और जीटी रोड पर खेल खिलौनों की दुकानें लगाई गई है। जिसमें प्रति दिन हजारों की संख्या में महिलाएं , बच्चें और पुरषों की मेला देखने के भीड़ लगी रहती है। लेकिन एक माह के लंबे समय के बाद जनता के मनोरंजन का केंद्र आज थम जाएगा और अप्पू घर के हिंडोले और झूले सब बन्द कर दिए जाएंगे। लाइट भी बन्द हो जाएगी। बता दे कि स्थानीय प्रशानिक अधिकारियों ने मेला ठेकेदार को चेतावनी देते हुय निर्देश जारी किए है कि 27 सितंबर को मेला बन्द कर दिया जाएगा लेकिन 27 तारीख के बाद अगर मेला और अप्पू घर चलता दिखाई दिया तो मेला ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिए गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** ककरौली थाना क्षेत्र के गांव ढासरी में एक प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।बृहस्पतिवार को क्षेत्र के गांव ढांसरी के प्राथमिक विद्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के बारे में जानकारी दी गई। गोष्ठी में लाभार्थियों को पात्रता व अपात्रता की शर्तो के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान अरूणा शर्मा ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की नई गाइडलाइन जारी कर दी गई है। यह योजना गरीबों को पक्की छत देने के लिए चलाई जा रही है। सरकार की मंशा है कि 2029 तक कोई भी गरीब बिना आवास के ना रहे। उसके पास अपनी पक्की छत हो जिसमें वह अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर सके। लाभार्थियों के चयन में कोई गड़बड़ी ना हो इसके लिए ग्राम पंचायत में गोष्टी कर ग्रामीणों को जानकारी दी जा रही है। गोष्ठी में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान अरुणा शर्मा, पंचायत सचिव संदीप धीमान, पंचायत सहायक भावना सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

**फॉर्म-जी**
**अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**
**अर्शिया लिमिटेड. भारत में वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में संचालित**
(दिवाला और शोधन अक्षमता (कॉरपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए के उप-विनियम(1) के अधीन)

| | प्रासंगिक विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | पैन/सीआईएन/एलएलपी संख्या के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम | **अर्शिया लिमिटेड** पैन: AAACI2679A । सीआईएन: L00000MH1981PLC024747 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | रजि. ऑफ.: अर्शिया एफटीडब्ल्यूजेड, सीओ-1, सर्वे नं. 178/3 और 178/4, सेक्टर-साई गांव, तालुका-पनवेल, जिला - रायगढ़, पिन कोड - 410221. महाराष्ट्र, भारत |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | http://www.arshiyalimited.com |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अचल संपत्तियों का बहुमत स्थित है | अर्शिया एफटीडब्ल्यूजेड, ग्राम साई तालुका पनवेल 410221, महाराष्ट्र |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | कंपनी एफटीडब्ल्यूजेड पनवेल, महाराष्ट्र में डेवलपर है। यह साइट~143 एकड़ भूमि पर फैली हुई है और इसमें~1.16 मिलियन वर्ग फीट के सुपरबिल्ट एरिया के साथ सात ऑपरेटिंग वेयरहाउस शामिल हैं। |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | वित्त वर्ष 2022-23 के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार, सकल राजस्व 41.43 करोड़ रुपये था - परिचालन का राजस्व 26.19 करोड़ रुपये और अन्य आय 15.24 करोड़ रुपये थी। |
| 7. | कर्मचारियों/वर्कमैन की संख्या | 16-20 कर्मचारी |
| 8. | ऋणदाताओं की सूची सहित अन्य विवरण यूआरएल पर उपलब्ध हैं: | http://www.arshiyalimited.com |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है: | समाधान आवेदकों को दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 29 ए के तहत पात्र होना चाहिए। विस्तृत जानकारी ईमेल in_arshiyalimited_cirp@pwc.com द्वारा मांगी जा सकती है |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 14 अक्टूबर 2024 |
| 11. | संभावित संकल्प आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 21 अक्टूबर 2024 |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 26 अक्टूबर 2024 |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तारीख | 31 अक्टूबर 2024 |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तारीख | 5 नवंबर 2024 |
| 15. | समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 5 दिसंबर 2024 |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए ईमेल आईडी प्रक्रिया | in_arshiyalimited_cirp@pwc.com |
| 17. | मूल दस्तावेज जमा करने का पता | पीडब्ल्यूसी कार्यालय, मुंबई शिवाजी पार्क 252, दूसरी - 5वीं मंजिल, वीर सावरकर मार्ग, शिवाजी पार्क दादर, मुंबई - 400028, महाराष्ट्र, भारत |

**नितिन विश्वनाथ पंचाल**
अर्शिया लिमिटेड के अंतरिम समाधान पेशेवर
IBBI पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P00777/2017-2018/11350
एएफए वैधता 18 दिसंबर 2024 तक
आईआरपी कार्यालय का पता: I-203, सूरज एलेगेंस-I CHS, पीताम्बर लेन, केना बैंक के पास, माहिम (पश्चिम), मुंबई शहर, महाराष्ट्र, 400016
पत्राचार हेतु ईमेल आईडी: in_arshiyalimited_cirp@pwc.com
सहायक IPE: पीडब्ल्यूसी कॉर्पोरेट बिजनेस सर्विसेज एलएलपी
दिनांक: 27 सितंबर 2024